Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **उदयपुर में जिला क्षय अधिकारी (चिकित्साधिकारी) एवं दलाल (प्राईवेट व्यक्ति) 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *22 मई, बुधवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर उदयपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **डॉ. अंशुल मट्ठा जिला क्षय अधिकारी, (चिकित्साधिकारी) कार्यालय जिला क्षय निवारण केन्द्र, हाथी पोल, महाराणा भूपाल चिकित्सालय परिसर, उदयपुर** एवं दलाल समीर मट्ठा (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से **25 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की उदयपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि अस्पताल के लिये क्रय किये गये फिनाइल के बिलों की ऑडिट रिपोर्ट का समायोजन करने की एवज में आरोपी डॉ. अंशुल मट्ठा जिला क्षय अधिकारी द्वारा **30 हजार रूपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरवीजन में एसीबी की उदयपुर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी डॉ. अंशुल मट्ठा जिला क्षय अधिकारी, उदयपुर एवं दलाल समीर मट्ठा (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से **25 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**